

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक : सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com


वर्ष : 1 अंक : डिजिटल बीकानेर : शुक्रवार 11 सितम्बर 2026 पृष्ठ : 4 मूल्य : 1.00 रुपया


# जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के लिए वोटिंग आज

## 723 उम्मीदवार मैदान में, 24.33 लाख से ज्यादा वोटर्स तय करेंगे रिजल्ट; 2256 बूथों पर होगा मतदान

**जयपुर कासं।** जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों के लिए आज मतदान होगा। नगर निगम चुनाव में 723 प्रत्याशी मैदान में हैं। 24 लाख 33 हजार 121 मतदाता इन प्रत्याशियों की हार-जीत का फैसला करेंगे। वोटिंग को लेकर निर्वाचन शाखा ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पूरे शहर में कल होने वाले मतदान को लेकर 2256 पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं। आज सुबह से ही पोलिंग पार्टियां भवानी निकेतन केन्द्र से चुनाव सामग्री लेकर अपने-अपने पोलिंग सेंटर्स के लिए रवाना हो गई हैं।




पोलिंग टीम को आज ईवीएम समेत अन्य चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई।मतदान दलों के बूथों तक पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को होने वाले मतदान की अंतिम तैयारियां भी पूरी की गई। जिला निर्वाचन शाखा की ओर से मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर संदेश नायक ने मतदान प्रक्रिया को लेकर अधिकारियों और मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का फोकस शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से मतदान कराने पर है।

भवानी निकेतन कॉलेज से मतपेटियां लेकर निकलते कर्मचारी।

**बीजेपी-कांग्रेस के साथ निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में**

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में इस बार प्रमुख मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के प्रत्याशियों के बीच है। वहीं, बाकी 425 प्रत्याशी निर्दलीय या अन्य राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के सिंबल पर चुनाव लड़ रहे हैं। ऐसे में कई वार्डों में मुकाबला त्रिकोणीय और बहुकोणीय भी देखने को मिलेगा।

चुनाव प्रचार के अंतिम दौर के बाद अब प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद होगी। शुक्रवार को सुबह से मतदान शुरू होने के साथ ही मतदाता अपने वार्ड के प्रत्याशियों के लिए वोट करेंगे। मतदान के बाद ईवीएम को निर्धारित स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा।

**24.33 लाख से ज्यादा मतदाता डालेंगे वोट**

जयपुर नगर निगम के 150 वार्डों में कुल 24 लाख 33 हजार 121 मतदाता हैं। इनमें 12 लाख 61 हजार 380 पुरुष मतदाता, 11 लाख 71 हजार 649 महिला मतदाता और 92 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इतने बड़े मतदाता वर्ग के लिए जिला निर्वाचन शाखा ने 2256 मतदान केंद्र बनाए हैं।

चुनाव में बड़ी संख्या में मतदाता पहली बार स्थानीय निकाय चुनाव में अपने वार्ड के प्रतिनिधि का चुनाव करेंगे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

**14 सितंबर को आएगा चुनाव परिणाम**

जयपुर नगर निगम चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान के बाद 14 सितंबर को मतगणना होगी और इसी दिन सभी 150 वार्डों के परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके बाद नगर निगम में मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेयर पद के लिए 21 सितंबर को चुनाव होगा, जबकि डिप्टी मेयर पद के लिए 22 सितंबर को चुनाव कराया जाएगा। ऐसे में शुक्रवार का मतदान सिर्फ वार्ड पार्षदों के चुनाव तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके नतीजे आगे जयपुर नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव की तस्वीर भी तय करेंगे

# भाजपा के 7 मोर्चा प्रभारी घोषित

## इनमें 2 एमपी से, हरीश द्विवेदी को युवा, सतीश पूनिया को एसटी की जिम्मेदारी; डी. पुरंदेश्वरी महिला विंग संभालेंगी



डी. पुरंदेश्वरी



सतीश पूनिया



हरीश द्विवेदी

**नई दिल्ली एजेन्सी।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को अपने 7 प्रमुख मोर्चों के प्रभारियों की घोषणा की। पार्टी ने युवा, महिला, SC, OBC, किसान, ST और अल्पसंख्यक मोर्चों की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेताओं को सौंपी है। सात में से सबसे ज्यादा 2 प्रभारी मध्य प्रदेश से हैं। पार्टी के मुताबिक, हरीश द्विवेदी को युवा मोर्चा और डी. पुरंदेश्वरी को महिला मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। वहीं, सतीश पूनिया को ST मोर्चे की जिम्मेदारी दी गई है।

बीजेपी ने संजय भाटिया को SC मोर्चा और वैजयंत पांडा को OBC मोर्चे का प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं, लाल सिंह आर्या को किसान मोर्चा और गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है।

**प्रभारी मोर्चों की कार्यकारिणी-टीम तैयार करेंगे**

ये सभी मोर्चों की कार्यकारिणी बनाने, प्रदेशों के प्रभारी तय करने और राज्यों में मोर्चे की टीम तैयार करने में मदद करेंगे। सभी मोर्चा प्रभारियों को संबंधित मोर्चा अध्यक्षों से बातचीत कर यह काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं।

**मोर्चा प्रभारियों में राजस्थान-यूपी से एक-एक**

**हरीश द्विवेदी:** उत्तर प्रदेश के बस्ती से दो बार लोकसभा सांसद रहे। 2014 और 2019 में बस्ती से लोकसभा चुनाव जीते। बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव रह चुके हैं।

**डी. पुरंदेश्वरी:** आंध्र प्रदेश की वरिष्ठ बीजेपी नेता। कांग्रेस में भी रह चुकी हैं और केंद्रीय मंत्री के रूप में काम किया है। लोकसभा की दो बार सदस्य रही हैं। बीजेपी की आंध्र प्रदेश इकाई की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं।

**सतीश पूनिया:** राजस्थान बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। आमेर से विधायक रहे और राजस्थान विधानसभा में डिप्टी लीडर ऑफ अपोजिशन भी रहे।संगठन में लंबे समय से सक्रिय भूमिका।

**संजय भाटिया:** हरियाणा के करनाल से 2019 में लोकसभा सांसद चुने गए। बीजेपी हरियाणा के प्रदेश महासचिव रह चुके हैं। 2026 में हरियाणा से राज्यसभा सांसद चुने गए।

**बैजयंत पांडा:** ओडिशा के केंद्रापाड़ा से लोकसभा सांसद हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। इससे पहले बीजेपी से राज्यसभा और लोकसभा सांसद रह चुके हैं। 2019 में बीजेपी में शामिल हुए।

**लाल सिंह आर्या :** मध्य प्रदेश के गोहद से कई बार विधायक रहे। शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रह चुके हैं। बीजेपी शेड्यूल कास्ट मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

**गजेंद्र सिंह पटेल:** मध्य प्रदेश के खरगोन से लोकसभा सांसद। 2019 और 2024 में खरगोन से लोकसभा चुनाव जीते। पेशे से कृषक और राजनीतिज्ञ हैं।

# मुंबई-गोवा हाईवे में देरी पर गडकरी बोले- शर्म आती है:उद्घाटन में नहीं जाऊंगा



## 2016 में कम्पलीट होना था, अब तक 94% काम हुआ

**नई दिल्ली एजेन्सी।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, 'मुझे मुंबई-गोवा हाईवे के चौड़ीकरण में हो रही देरी को लेकर शर्मिंदगी महसूस होती है। ये काम 2016 तक पूरा होना था, लेकिन 15 साल में सिर्फ 94% ही पूरा हुआ है।' गडकरी ने यह बात बुधवार को पणजी में छह लेन वाले एलिवेटेड रोड कॉरिडोर के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा, 'हाईवे का काम पूरा होने के बाद मैं इसके उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल नहीं होऊंगा। मैं ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने का रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं।' गडकरी ने इस साल 22 जुलाई को राज्यसभा में बताया था कि पिछले 3 साल में नेशनल हाईवे निर्माण में खराब गुणवत्ता वाले काम के लिए 103 ठेकेदार और कंपनियों को ब्लैकलिस्ट किया गया और उन पर जुर्माना लगाया गया।

**मुंबई-गोवा हाईवे: 15 साल से काम चल रहा, कई जगह गड्ढे**

मुंबई-गोवा हाईवे का चौड़ीकरण का काम 2011 में शुरू हुआ था। इसके बाद भी यह अब तक पूरा नहीं हुआ है। 440 किलोमीटर लंबे इस हिस्से में काम पूरा होने के बावजूद कई जगह सड़क पर गड्ढे, पानी भरने, मरम्मत और ट्रैफिक जाम जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं।हाईवे पर मई में खारपाड़ा टोल प्लाजा पर टोल लेना शुरू किया

# चीनी राष्ट्रपति का गलवान झड़प के बाद पहला भारत दौरा

## ब्रिक्स में शामिल होंगे जिनपिंग, पीएम मोदी के साथ बैठक संभव; पिछली बार 2019 में आए थे

**नई दिल्ली एजेन्सी।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी है।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। अगर यह बैठक होती है तो जून 2020 में हुई गलवान हिंसा के बाद दोनों नेताओं की भारत में पहली द्विपक्षीय बातचीत होगी।




पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। चीन ने बाद में अपने 4 सैनिकों की मौत की बात मानी थी।

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होना है। इसमें चीन-रूस समेत 11 देश शामिल होंगे। रूस के राष्ट्रपति पुतिन भी भारत आ रहे हैं।

**डोभाल पिछले महीने चीन गए थे**

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (NSA) अजीत डोभाल 24 अगस्त को चीन गए थे। वहां 25 अगस्त को उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ सीमा विवाद समेत कई मुद्दों पर बातचीत की थी।

**सीमा विवाद समेत कई मुद्दे भारत के एजेंडे में**

भारत और चीन के बीच सिर्फ सीमा विवाद ही नहीं, बल्कि व्यापार और आर्थिक रिश्ते भी बातचीत का हिस्सा हैं। भारत चीन के साथ अपने बड़े व्यापार घाटे को कम करना चाहता है।

इसके अलावा रेयर अर्थ मैगनेट और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट जैसे जरूरी सामान की सप्लाई को लेकर भी भारत अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है।

**ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता कर रहा है भारत**

इस साल ब्रिक्स की कमान भारत के पास है। ब्रिक्स दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, ईरान, इथियोपिया, UAE और इंडोनेशिया भी शामिल हैं।

भारत की अध्यक्षता में पूरे साल अलग-अलग शहरों में बैठकें, मंत्रीस्तरीय सम्मेलन और कई स्तर की चर्चाएं हो रही हैं।

भारत का फोकस ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करने, आर्थिक सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल तकनीक, आतंकवाद से निपटने और सप्लाई चेन मजबूत करने पर है। यानी ब्रिक्स को सिर्फ राजनीतिक मंच नहीं, बल्कि व्यापार, निवेश और विकास के बड़े मंच के तौर पर आगे बढ़ाने की कोशिश है।

# ट्रम्प बोले-मिडटर्म चुनाव जीता तो हर वोटर को रु.5 लाखः इस पर रु.128 लाख करोड़ खर्च करने होंगे, यह पाकिस्तान की इकोनॉमी का 3 गुना




**नई दिल्ली एजेन्सी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि नवंबर के मिडटर्म चुनाव में अगर रिपब्लिकन पार्टी प्रतिनिधि सभा और सीनेट, दोनों में बहुमत बरकरार रखती है, तो हर बालिग अमेरिकी को 5000 डॉलर (करीब 4.76 लाख रुपए) दिए जाएंगे।

ट्रम्प ने यह बयान डलास में रिपब्लिकन कन्वेंशन को संबोधित करते हुए दिया। उन्होंने इसे 'ट्रम्प डिविडेंड' नाम दिया और कहा कि यह अमेरिका की 'आर्थिक ताकत और सफलता' की वजह से दिया जाएगा।

ट्रम्प ने ये भी कहा कि डिविडेंड की रकम अमेरिका में ही खर्च करनी होगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसके लिए पैसा कहां से आएगा, भुगतान का दायरा क्या होगा और रकम किस तरह बांटी जाएगी।

अमेरिका में करीब 26.98 करोड़ वयस्क हैं। अगर सभी को 5,000 डॉलर दिए जाएं तो कुल खर्च करीब 1.35 ट्रिलियन डॉलर यानी 128.25 लाख करोड़ रुपए होगा। यह रकम दुनिया के करीब 162 देशों की इकोनॉमी से ज्यादा है।

# उज्जैन में सड़क के रास्ते में हनुमान प्रतिमाः प्रशासन 6 दिन में हिला नहीं पाया, अब कहा-कोशिश ही नहीं की; दर्शन के लिए भीड़ जुट रही



**उज्जैन एजेन्सी।** उज्जैन में सड़क के बीच हनुमान प्रतिमा को प्रशासन 6 दिन से हिला नहीं पाया है। प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के लिए सती गेट के पास स्थित हनुमान मूर्ति को हटाने की कोशिश 4 सितंबर को शुरू की, लेकिन नाकाम रहा। प्रशासन की ओर से करीब एक हफ्ते में मंदिर के आसपास का ज्यादातर हिस्सा तोड़ा जा चुका है, जबकि हनुमान मूर्ति फिलहाल टेंट में है। अब प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा हटाने की कोशिश की ही नहीं गई। खड़े हनुमान की मूर्ति सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है। मूर्ति के वीडियो और रील्स वायरल हो रहे हैं। मध्य प्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं।

**साध्वी हर्षानंद ने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया**

साध्वी हर्षानंद गिरि (हर्षा रिछारिया) गुरुवार को खड़े हनुमान मंदिर पहुंचीं। उन्होंने पूजा की और प्रतिमा हटाने के प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से मंदिर पहुंचकर माफी मांगने, पूजा करने और मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लेने को कहा। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने अनशन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। उन्होंने सरकार को 2 दिन का अल्टीमेटम दिया। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि उन्हें इतनी हिम्मत मिले कि वे बाबा के लिए आवाज उठा सकें।

# पीएम मोदी का बड़ा विजन : 2035 तक Indian Space Station और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय Astronaut का लक्ष्य

**नई दिल्ली एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को दुनिया को अंतरिक्ष में भारत की अगली यात्रा में 'सह-यात्री' बनने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने देश की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं का ज़िक्र किया, जिसमें 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाना और 2040 तक चंद्रमा पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री को भेजना शामिल है। इंटरनेशनल स्पेस समिट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्वास करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, बातचीत और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हम अंतरिक्ष के ऐसे क्षेत्र का समर्थन करते हैं जो सुरक्षित, महफ़ूज़, शांतिपूर्ण और टिकाऊ हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैज्ञानिक डेटा और तरक्की का फ़ायदा आखिरकार पूरी इंसानियत को मिलना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा इसी सोच को दिखाती है और इसमें भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी ने अपनी बेहतरीन कार्यक्षमता और कम लागत वाले मिशनों के लिए दुनिया भर में तारीफ़ हासिल की है, साथ ही भारत की अंतरिक्ष तकनीकें और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियां भी तेज़ी से दुनिया के बड़े हिस्से के काम आ रही हैं। मोदी ने कहा कि 34 देशों के 430 से ज़्यादा सैटेलाइट भारतीय रॉकेट से अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। उन्होंने ग्लोबल स्पेस सेक्टर में भारत के एक अहम खिलाड़ी के तौर पर उभरने पर ज़ोर दिया। भारत की हालिया कामयाबियों का ज़िक्र करते हुए, मोदी ने चांद के साउथ पोल के पास भारत की ऐतिहासिक लैंडिंग और आदित्य-L1 मिशन की बात की, जो वैज्ञानिकों को सूरज के रहस्यों को समझने में मदद कर रहा है। उन्होंने भारत की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक की यात्रा को देश की बढ़ती मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं में एक और अहम पड़ाव बताया।



प्रधानमंत्री ने साफ़ किया कि भारत की महत्वाकांक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य 2035 तक अपना स्पेस स्टेशन बनाना और 2040 तक किसी भारतीय अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा पर भेजना है। मोदी ने कहा, 'हमारा मूल सिद्धांत साफ़ रहा है कि अंतरिक्ष का फ़ायदा पूरी मानवता तक पहुँचना चाहिए। प्रधानमंत्री ने भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर की तेज़ी से हो रही तरक्की का भी ज़िक्र किया और कहा कि यह तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और देश की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं में एक नया आयाम जोड़ रहा है। मोदी ने फ्रांस के साथ भारत की पुरानी साझेदारी पर भी ज़ोर दिया और कहा कि फ्रांस भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत से ही एक भरोसेमंद साथी रहा है। भविष्य को देखते हुए, प्रधानमंत्री ने फ्रांस और पूरी दुनिया के समुदाय को आमंत्रित किया।

# समायिक दिवस पर धर्माराधना से गूंजा महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल : दक्षिण मुंबई

**मुंबई, (खबर आस पास)।** पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व के तृतीय दिवस समायिक दिवस के अवसर पर महाप्रज्ञ पब्लिक स्कूल, कालबादेवी में श्रद्धा, साधना और आत्माराधना का विशेष वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थित होकर साध्वीश्री के प्रवचन का श्रवण किया तथा समायिक के माध्यम से आत्मचिंतन और आध्यात्मिक साधना का लाभ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई द्वारा मंगलाचरण से हुआ। मंगलाचरण के माध्यम से वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। समायिक दिवस के महत्व को समझते हुए उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने निर्धारित समय में समायिक साधना कर आत्मनिरीक्षण, संयम एवं आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में कदम बढ़ाया।

समायिक दिवस के अवसर पर साध्वीश्री ने अपने प्रवचन में समायिक के आध्यात्मिक महत्व एवं जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

शासनश्री साध्वीश्री कंचनप्रभाजी ने ससम्मान संविधान को व्याख्यायित किया, और उसके साथ स्वयं के जीवन को सौभाग्यशाली माना कि जैन शासन का गौरव है एक गुरु के नेतृत्व में चरित्र की परिपालना। आपने आगे कहा कि आज पर्युषण महापर्व के उपलक्ष्य में हमारा सामायिक दिवस है। सामायिक अनुष्ठान में समर्पित श्रावक एक मुहूर्त के लिए मुनि जैसा जीवन जीता हुआ सांसारिक कामों से उपरत हो जाता है। साध्वीश्री ने ठाणं सूत्र के आधार पर अच्छेरों का वर्णन सुनाया जो पूरे समाज के लिए सर्वथा विशिष्ट था।


शासनश्री साध्वीश्री मंजुरेखाजी ने कहा - सामायिक यानि समता को प्रतिष्ठित करना, आप सभी जानते हैं कि समता के बिना, परिवार और समाज नहीं चल सकता यह शाश्वत सत्य है। इसके साथ-साथ व्यक्तिगत जीवन में भी समता बहुत जरूरी है क्योंकि आज जितने भी अपराध हो रहे हैं वे ईगो के कारण बढ़ता हुआ क्रोध इंसान की जिंदगी बिगाड़ देता है, जरूरी है क्रोध का शमन करें। साध्वीश्री मंजूरेखाजी, उदितप्रभाजी, निर्भयप्रभाजी, चेलनाश्रीजी ने एक मधुर गीत के द्वारा पूरा माहौल आध्यात्मिक बना दिया। साध्वीश्री चेलनाश्री जी ने सामायिक दिवस के उपलक्ष्य में सुन्दर प्रस्तुति दी। संयोजन किया शासनश्री साध्वी मंजूरेखाजी ने।

समायिक दिवस का यह आयोजन उपस्थित सभी श्रद्धालुओं के लिए आत्मचिंतन, संयम और साधना की प्रेरणा लेकर आया। पर्युषण महापर्व के इन पावन दिनों में धर्माराधना के प्रति बढ़ता उत्साह और बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता तेरापंथ समाज की आध्यात्मिक जागरूकता एवं सामूहिक साधना का प्रेरक उदाहरण बनी।

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद से राष्ट्रीय सहमंत्री अंकुर लुणीया, प्रकाशन प्रभारी महेश परमार तथा ज़ोनल कॉर्डिनेटर कमलेश भंसाली की विशेष उपस्थिति रही। साथ ही आचार्य महाप्रज्ञ विद्यानिधि फाउंडेशन, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, तेरापंथ युवक परिषद, तेरापंथ महिला मंडल तथा अणुव्रत समिति दक्षिण के पदाधिकारियों सहित सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह जानकारी दक्षिण मुंबई सभा मीडिया प्रभारी नितेश धाकड़ एवं तेरापंथ युवक परिषद दक्षिण मुंबई उपाध्यक्ष दर्शन डागलिया ने दी।




## श्री पार्श्वचन्द्र सूरि गच्छ जैन संघ के भगवान महावीर स्वामी के मंदिर में विशेष अंगी, पूजा व अखंड मंत्र जाप

**बीकानेर (खबर आस पास)।** श्री पार्श्वचन्द्र सूरि गच्छ जैन संघ का पर्युषण पर्व गुरुवार को को आसानियों के चौक के भगवान महावीर स्वामी के मंदिर के विशेष अंगी, स्तुति व वंदना के साथ वयोवृद्ध साध्वीश्री पदम प्रभा व सुव्रताश्री के अष्टानिका प्रवचन हुए। अखंड नवकार महामंत्र का जाप किया गया। मंदिर में युवाओं व बालकों की ओर से जिनालय की सभी प्रतिमाओं की विशेष अंगी, पूजा व मंत्र जाप किया। साध्वी सुव्रताश्री ने कर्म बंधनों को काट कर अपना कल्याण करने वाले श्रावक-श्राविकाओं का वर्णन किया। श्री पार्श्वचन्द्र सूरि गच्छ जैन संघ के अध्यक्ष रवीन्द्र रामपुरिया व मंत्री प्रताप रामपुरिया ने बताया कि मंदिर में विशेष अंगी व नियमित दर्शन करने वालों तथा पर्युषण के विशेष प्रवचन सुनने वालों, विभिन्न, उपवास, एकासना, बेला, तेला व आयम्बिल आदि की तपस्या करने वालों की में निरन्तर वृद्धि हो रही है।

## स्व. संजय रंगा की स्मृति में 13 सितंबर को 'प्रेरणा' कार्यक्रम

**बीकानेर (खबर आस पास)।** अधिवक्ता संजय रंगा लाइफ फाउंडेशन संस्थान, बीकानेर की ओर से स्वर्गीय संजय रंगा की स्मृति में 'प्रेरणा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की अध्यक्ष एडवोकेट पारूल रंगा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समावेशन, सहयोग, सम्मान और सशक्तिकरण के माध्यम से बच्चों एवं दिव्यांगजनों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराने तथा उनके बेहतर भविष्य के लिए जागरूकता बढ़ाना है। संस्थान के सचिव एडवोकेट राकेश रंगा ने बताया कि उद्घाटन समारोह एवं विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन रविवार, 13 सितंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक धरणीधर ऑडिटोरियम, बीकानेर में होगा। कार्यक्रम में डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. पराज सिंघवी, डॉ. अमित पुरोहित एवं डॉ. हिमांशु भाटिया विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहेंगे। वे विभिन्न विषयों पर अपनी जानकारी और अनुभव साझा करेंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य संदेश है कि प्रत्येक बच्चे का अपना महत्व है। अलग-अलग क्षमताओं को स्वीकार करते हुए सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर उपलब्ध कराना आवश्यक है। संस्थान अवसरों के सृजन, क्षमताओं की स्वीकार्यता और जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्गीय संजय रंगा की स्मृति को समर्पित इस पहल के माध्यम से अधिक समावेशी समाज के निर्माण का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, उनकी दूरदृष्टि समाज में स्वीकार्यता, समान अवसर और सम्मान की भावना को मजबूत करने वाले प्रत्येक प्रयास में जीवित रहेगी।

## शिक्षक संघ रेसटा का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18-19 को बीकानेर में होगा

### जिलेभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 51 शिक्षकों का होगा सम्मान

**बीकानेर (खबर आस पास)।** शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 18-19 सितंबर को बीकानेर जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी ने बीकानेर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के लिए महामंत्री पवन शर्मा को संयोजक एवं जिला प्रवक्ता अविनाश आसिया को सह संयोजक सहित जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील शर्मा,अनिल धारणिया आदि जिम्मेदारी सौंपी गई है। शैक्षिक सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद और कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर विश्नोई भाग लेंगे। जिलाध्यक्ष डूडी ने बताया कि सम्मेलन में तृतीय श्रेणी शिक्षकों की बकाया पदोन्नति,तबादले सहित डीईओ एवं प्राचार्य की सीधी भर्ती,शिक्षक सम्मान समारोह में आवेदन करने वालों के नंबर जारी करने एवं विभागीय नियमों की जिज्ञासाओं का निराकरण किया जाएगा।जिला स्तरीय शिक्षक सम्मेलन में जिले भर में पिछले शैक्षिक सत्र में बोर्ड परीक्षाओं का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम,सह शैक्षणिक गतिविधियां,स्कूलों में भामाशाहों से सहयोग करवाने वाले 51 शिक्षकों को स्मृति एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा 27 सितम्बर को

**बीकानेर (खबर आस पास)।** अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्राप्त कनिष्ठ सहायकों की हिन्दी एवं अंग्रेजी कम्प्यूटर टंकण गति परीक्षा 27 सितम्बर को सुबह 10 बजे से गंगा थियेटर के पास स्थित सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग कार्यालय में किया जाएगा। परीक्षा आयोजन समिति अध्यक्ष एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) श्री उम्मेद सिंह सिंह रतनू ने बताया कि अप्रैल से जुलाई की अवधि में आवेदन प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। संबंधित अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र जिला कलेक्टर कार्यालय की स्थापना शाखा (कमरा नंबर 13) से कार्यालय समय में स्वयं उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। टंकण परीक्षा 'टाइपिंग एग्ज़ाम सॉफ्टवेयर' के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपने साथ स्वयं का की-बोर्ड ला सकेंगे।

## नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 : सामग्री वापसी में देर रात होने पर कार्मिक को अगले दिन ड्यूटी पर माना जाएगा

**बीकानेर(खबर आस पास)।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के लिए मतदान दल में नियुक्त कार्मिकों को मतदान दिवस के बाद सामग्री वापसी में देर रात तक होने की स्थिति में उस कार्मिक को दूसरे दिन चुनाव ड्यूटी पर माना जाएगा। संबंधित कार्मिक को उस दिन अपने संबंधित विभाग में उपस्थिति दर्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी।

## आत्मा अजर अमर, गर्भपात महापाप : आचार्य रामलाल

**बीकानेर (खबर आस पास)।** अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ के हुक्म संघ के नवम पट्टधर आचार्यश्री रामलालजी म.सा. ने छबीली घाटी के सेवा सदन में पर्युषण पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को प्रवचन में कहा कि गर्भपात, महापाप है। गर्भपात करने, कराने वाले व करने के लिए प्रेरित करने वाले सभी पाप के कर्म बंधन से बंधते है। उन्होंने उपस्थित करीब 3 हजार श्रावक-श्राविकाओं को गर्भपात नहीं करने, नहीं करवाने तथा उसकी अनुमोदना (सहमति) नहीं करने का संकल्प (पचखाण) दिलाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में जैन-जैनेतर सभी परिवारों में बच्चों की संख्या एक दो तक ही सीमित रहने लगी है। बच्चों की सीमित संख्या आने वाले कल के लिए भारतीय धर्म, संस्कृति व सर्व समाज के लिए सोचनीय व विचारणीय है।

आचार्य ने कहा कि पांच महाभुतों से बना शरीर नष्ट होता है-आत्मा नहीं। आत्मा अजर अमर व अविनाशी है, उसको कोई मार नहीं सकता। लोग विनाशी शरीर को स्वस्थ-सुन्दर व आकर्षक बनाने के लिए प्रयास व पुरुषार्थ कर अपने जीवन के बहू मुल्य समय को नष्ट कर रहे है। उपाध्याय राजेश मुनि ने कहा कि सही दृष्टि, सही सोच, सही साधना, सद विचार, आराधना व देव, गुरु व धर्म के प्रति समर्पण के साथ भक्ति करने जीवन में वास्तविक सुन्दरता आती है। मधुर मुनि ने अंतगढ़ सूत्र का वाचन विवेचन किया । उन्होंने गज राजकुमारी के दीक्षा प्रसंग के माध्यम से कहा कि संयम, साधना, समता ही जीवन का सार है। लाघव मुनि ने संघ के पूर्व आचार्यों के आदर्शों का स्मरण दिलाया। साध्वी रामरचा श्री, संघ के अहिंसा प्रचारक महेश नाहटा, श्रावक सुशील बच्छावत ने पर्यषण पर्व के दौरान चल रही साधना के बारे में बताया।

## एनआरसीसी में हिन्दी पखवाड़ा प्रारम्भ




**बीकानेर (खबर आस पास)।** भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी), बीकानेर में हिन्दी दिवस-2026 के उपलक्ष्य पर हिन्दी पखवाड़े का प्रारम्भ किया गया। केन्द्र में 10 से 23 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यंग प्रोफेशनल आदि ने उत्साह से सहभागिता निभाई। सदन को संबोधित करते हुए निदेशक डॉ. अनिल कुमार पूनिया ने केन्द्र में हिन्दी पखवाड़े मनाए जाने की विधिवत घोषणा करते हुए कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति के अंतर्गत हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि हिन्दी कार्यालयीन कार्यों को सरल, सहज एवं प्रभावी बनाने के साथ-साथ वैज्ञानिक अनुसंधान की जानकारी किसानों, पशुपालकों एवं आमजन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा दैनिक कार्यों में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने हिन्दी में प्रचलित विभिन्न विदेशी भाषा के शब्दों के हिन्दी अर्थों पर चर्चा करते हुए उपस्थितजनों से उनके अर्थ पूछे, जिससे कार्यक्रम में रोचकता के साथ-साथ हिन्दी शब्द-ज्ञान में भी अभिवृद्धि हुई। हिन्दी पखवाड़े के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राम अवतार लेघा, प्रभागाध्यक्ष, भाकृअनुप-राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र ने शुभारंभ के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हिन्दी दिवस के अवसर पर पखवाड़ा एवं हिन्दी मास जैसे विभिन्न कार्यक्रम प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने हिन्दी के व्यापक प्रयोग एवं निरंतर विकास की आवश्यकता बताते हुए राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के तहत कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक पत्राचार, फाइलें हिन्दी में चलाने का आह्वान किया। डॉ.लेघा ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं विभिन्न हिन्दी टूल्स की उपलब्धता के कारण कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करना और भी आसान हो गया है। केन्द्र के राजभाषा नोडल अधिकारी डॉ. राकेश रंजन ने हिन्दी दिवस मनाए जाने की परंपरा तथा केन्द्र में राजभाषा हिन्दी के प्रयोग की स्थिति से सदन को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने रोजमर्रा के कार्यों में हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद बारासा ने किया तथा धन्यवाद रणवीर सिंह ने दिया।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर पीबीएम में जागरूकता कार्यक्रम

**बीकानेर (खबर आस पास)।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर गुरुवार को पीबीएम अस्पताल के मानसिक रोग विभाग एवं डी-एडिक्शन एंड एलाइड ब्रांचेज की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष एवं आचार्य डॉ. श्रीगोपाल गोयल ने आत्महत्या के कारणों, बचाव एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार का कमजोर होना, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग, नशे की प्रवृत्ति, अवसाद तथा सामाजिक एवं पारिवारिक परिस्थितियां आत्महत्या के विचारों को बढ़ावा दे सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है। कार्यक्रम में युवाओं में सड़क दुर्घटनाओं के बाद होने वाली मौतों तथा आत्महत्या को लेकर भी जागरूक किया गया। मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 14416 के बारे में भी बताया गया। जिला नोडल अधिकारी एवं मनोरोग विभाग के डॉ. हेमकुल सिंह आचार्य ने आत्महत्या की रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने संयुक्त परिवार, अध्यात्म तथा मानसिक रोगों के उपचार की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनसीआरबी की रिपोर्ट के आंकड़े भी साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2018 में एक लाख 34 हजार 516, वर्ष 2019 में एक लाख 39 हजार 123, वर्ष 2020 में एक लाख 53 हजार 52 तथा वर्ष 2021 में एक लाख 64 हजार 33 आत्महत्याएं दर्ज की गईं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या रोकथाम को केवल मानसिक स्वास्थ्य का विषय न मानकर सामाजिक स्तर पर भी गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में आत्महत्या के विचार से जूझ रहे लोगों के प्रति संवेदनशील व्यवहार करने और उन्हें अकेला न छोड़कर सहयोग एवं सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।